कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड।

ग्राम–डाण्डा लखौण्ड, पो0ऑ0–गुजराडा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
ई–मेलः dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाषः 0135–2608763, फैक्सः 0135–2608746

पत्र संख्याः–2प/रा0पु0/31/2012/6836 देहरादून, दिनांक– 06 अप्रैल, 2017

सेवा में,

निदेशक,
चिकित्सा शिक्षा निदेशालय,
107 चन्दरनगर देहरादून।

विषयः– **नीट–पी0जी0–2017 उत्तराखण्ड राज्य केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग मे प्रतिभाग करने वाले पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के सेवारत चिकित्सा अधिकारियों को सर्विस ड्यूरेशन प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि नीट पी0जी0–2017 उत्तराखण्ड राज्य केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग बोर्ड की दिनांक 02.04.2017 को सम्पन्न बैठक में हुये निर्णय के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य नीट पी0जी0–2017 केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग हेतु जारी इनफोरमेशन बुलेटिन में उल्लिखित है कि उत्तराखण्ड में पी0जी0 डिप्लोमा कोर्स हेतु 50 प्रतिशत सीटें पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के उन सेवारत चिकित्सा अधिकारियों के लिये आरक्षित रहेंगी जिन्होंने उत्तराखण्ड के दुर्गम क्षेत्र में कम से कम 03 वर्ष कार्य किया हो तथा उक्त सेवारत चिकित्सा अधिकारी काउन्सिलिंग के समय उपरोक्त 50 प्रतिशत पी0जी0 डिप्लोमा स्टेट कोटा सीट के लिये महानिदेशक द्वारा प्रदत्त सर्विस ड्यूरेशन प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे।

इस सन्दर्भ में अवगत कराना है कि नीट–पी0जी0–2017 की काउन्सिलिंग वर्तमान समय में गतिमान है, जिस कारण से महानिदेशालय स्तर से पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के सेवारत चिकित्सा अधिकारियों को सर्विस ड्यूरेशन प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने में विलम्ब सम्भावित है, क्योंकि सम्बन्धित चिकित्सकों के मूल सेवा अभिलेख जनपद स्तर पर ही नियन्त्रक अधिकारियों के अधीन सम्बन्धित अधिष्ठानों मे संरक्षित रहते हैं।

अतः पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के सेवारत चिकित्सा अधिकारियों को सर्विस ड्यूरेशन प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु सम्बन्धित चिकित्साधिकारियों के जनपद स्तरीय नियन्त्रक अधिकारियों (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रमुख अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक) को अधिकृत किया जाता है जो सम्बन्धित चिकित्साधिकारी को दुर्गम सेवा का सर्विस ड्यूरेशन प्रमाण पत्र निर्गत करेंगे।

भवदीय,

(डी0एस0 रावत)
निदेशक, प्रभारी महानिदेशक

पत्र संख्याः–2प/रा0पु0/31/2012/ तददिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुल सचिव, हे0न0ब0 उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय देहरादून।
2. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल पौड़ी/कुमाऊं मण्डल नैनीताल।
3. समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. समस्त प्रमुख अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तराखण्ड।
5. गार्ड फाईल।

(डी0एस0 रावत)
निदेशक, प्रभारी महानिदेशक

Scanned by CamScanner